प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 26.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात के दाहोद में 24 हजार करोड रूपये लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ करेंगे।
- आठवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम आज जारी होगा।
- मौसम में आये बदलाव के चलते प्रदेश में कई स्थानों पर आंधी और बारिश–कहीं–कहीं ओलावृष्टि हुई।
- आदिवासी लघु कुंभ के नाम से प्रसिद्ध बारां का सीताबाडी मेला आज से शुरू।

-------------

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात के दाहोद में 24 हजार करोड रूपये लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ करेंगे। दो दिन के गुजरात दौरे में श्री मोदी दाहोद लोकोमोटिव विनिर्माण संयत्र का लोकार्पण करेंगे। इस सयंत्र से अगले 11 वर्षों में एक हजार दो सौ माल गाड़ी विद्युत इंजनों का विनिर्माण होगा। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उद्योग जगत की भागीदारी और स्वदेशी उपकरणों के उपयोग से यह संयंत्र रिकॉर्ड समय में बनकर तैयार हुआ है।

-------------

एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों के कल दिल्ली में हुए एक दिवसीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसका अनुमोदन महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किया। इस प्रस्ताव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व क्षमता और भारतीय सेना के साहसिक कार्यों की चर्चा की गई है। एनडीए के सभी दलों ने इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकवाद के अड्डों को तबाह करने के साहसिक कार्य की प्रशंसा की गई है। इस प्रस्ताव में सशक्त भारत, समर्थ भारत और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हो रहे कार्यों की भी चर्चा की गई। बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने ऑपरेशन सिंदूर और जातिगत जनगणना पर पारित प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए बैठक के अन्य मुद्दों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

-------------

कॉंग्रेस सांसद शशिथरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय भारतीय शिष्टमंडल कल गयाना पहुंचा। हवाई अड्डे पर शिष्टमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की भारत की नीति विभिन्न देशों तक पहुंचाने के उद्देश्य से सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल वैश्विक दौरे पर है। गयाना में भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में पूरी मजबूती और एकजुटता से तत्पर है। राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में एक अन्य शिष्टमंडल ने कल कतर में शीर्ष समाचारपत्रों की संपादकीय टीम के साथ बातचीत की। भाजपा सांसद बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में एक सर्वदलीय शिष्टमंडल आज कुवैत के दौरे पर है।

-------------

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन हो रहे है। इसी क्रम में कल जैसलमेर के पोकरण में महिला शौर्य यात्रा निकाली गई। शहर के मुख्य मार्गो से निकली इस यात्रा

का विभिन्न स्थानों पर शहरवासियों ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। इसके साथ ही अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की जैसलमेर इकाई ने आपरेशन सिंदूर की सफलता पर विजय उत्सव का आयोजन किया। उधर कोटपूतली–बहरोड़ में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें विराटनगर विधायक के नेतृत्व में युवाओं ने भाग लिया। सवाईमाधोपुर के बजरिया में सिंदूर शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के समापन पर दीपदान भी किया गया। पुष्कर में भी तिंरगा यात्रा निकाली गयी। यात्रा में केन्द्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी भी मौजूद रहे। यात्रा की शुरूआत मंत्रोच्चार के साथ गुरूद्वारे से की गयी।

-------------

आठवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम आज जयपुर के शिक्षा संकुल में घोषित किया जायेगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर परिणाम घोषित करेंगे। ये परीक्षा राज्यभर में 20 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित की गई थी।

-------------

मौसम में आये बदलाव के चलते प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर तापमान में गिरावट आई है। पिछले 24 घंटों में राज्य के कई जिलों में आंधी और तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। कहीं–कहीं ओले भी गिरे। हनुमानगढ में भी मौसम में हुए अचानक बदलाव से तापमान में कमी आयी। कुछ जगहों पर तेज आंधी के बाद बारिश हुई और ओले गिरे।

-------------

उधर पश्चिमी क्षेत्रों में कहीं–कहीं तेज गर्मी का असर रहा। जिसके चलते जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी क्षेत्र के जिलों में 2 से 3 दिन तेज गर्मी और हीट वेव का दौर जारी रहेगा। वहीं 29 मई तक राजधानी जयपुर में अंधड और तेज हवा का अलर्ट जारी किया गया है। इसको देखते हुए लोगों को सतर्क रहने और एहतियात बरतने की अपील की गई है। भरतपुर और बीकानेर संभाग में आज कहीं–कहीं बारिश की भी संभावना है।

-------------

केन्द्रीय वन मंत्री और अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने कल 'सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा' अभियान में ग्रामीणों से संवाद कर उनकी परिवेदनाओं को सुना। श्री यादव ने अलवर के गांव कलसाडा, मालाखेडा, पाटन, छिलोडी, बिलेटा और राजपुर छोटा के के राजकीय विद्यालय में ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

-------------

प्रदेशभर में आज सोमवती अमावस्या मनायी जा रही है। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक आयोजन के साथ पवित्र सरोवर और कुंडो में स्नान और विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। सवाईमाधोपुर रामेश्वर धाम स्थित त्रिवेणी संगम पर पवित्र संगम में डुबकी लगाने के साथ ही दान पुण्य के आयोजन हो रहे हैं। अन्य मंदिरों में भी विशेष पूजा अर्चना के कार्यक्रम हो रहे हैं। बारां में इस अवसर पर आज से आदिवासी लघु कुंभ के नाम से विख्यात सीताबाड़ी मेला शुरू हो रहा है। मेले में विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु पंहुच रहे है।

-------------

आज ही सुहागिन महिलाएं वट सावित्री व्रत भी कर रही है। पति की दीर्घायु और परिवार की सुख समृद्धि की कामना के लिए महिलाएं आज वट वृक्ष की पूजा करती है।